**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**19.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

## मुख्यमंत्री

वर्तमान प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सके। इसी के दृष्टिगत राज्य सरकार ने चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययन या वशिष्ठ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एमबीबीएस चिकित्सकों को पूरा वेतन प्रदान करने का निर्णय लिया है। इससे पूर्व, अध्ययन अवकाश पर जाने वाले चिकित्सकों को केवल 40 प्रतिशत वेतन मिलता था। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार द्वारा अध्ययन अवकाश के दौरान पूरा वेतन देने का निर्णय चिकित्सकों को उनकी शिक्षा और पेशेवर जिम्मेदारियों के मध्य संतुलन बनाने में मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इससे चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी, विशेषज्ञता को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया गया है ताकि मरीजों को इलाज के लिए अन्य राज्य में जाने की आवश्यकता न पड़े।

## बजट सत्र तैयारियां

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शिमला में होगा। बजट सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने तैयारियां शुरू कर दी है। सत्र से पहले सुरक्षा व्यवस्था और सर्वदलीय बैठक जैसी सभी औपचारिताएं पूरी की जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने विधानसभा में हुई नियुक्तियों को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि जिन नियमों के तहत भाजपा के कार्यकाल के दौरान नियुक्तियां हुई उन्हीं नियमों के तहत अब भी नियुक्तियां हुई हैं।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर केंद्रीय बजट में हिमाचल के लिए दिए गए बजट को लेकर झूठे आंकड़े पेश करने की बात कही है। आज शिमला में एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि रवनीत बिट्टू ने हिमाचल को बजट में 11 हज़ार 8 सौ 6 करोड़ रूपये देने का झूठा दावा किया है, क्योंकि अभी तक बजट को लेकर कोई विस्तृत जानकारी नहीं आई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री अपने मंत्रालय के आंकड़ों से पूरी तरह वाकिफ़ नहीं हैं और उन्हें अध्ययन करने की ज़रूरत है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी रजनी पाटिल और पूर्व प्रभारी राजीव शुक्ला से मुलाकात कर राज्य में जल्द संगठन बनाने का आग्रह किया है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है जिसके चलते 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि इस विक्षोभ का असर पूरे प्रदेश में होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है और लंबे समय से किसान व बागवान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। वर्षा के अभाव में सेब बाहुल्य क्षेत्रों में बागवान सेब के तौलिये भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा गेहूं की फसल भी बारिश न होने के कारण पीली पड़ गई है।